डी-47011/3/2013-प्रशासन
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक:10 मई, 2023

**कार्यालय आदेश सं. 42/2023**

**विषय:**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार विभाग में पारदर्शिता अधिकारी, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए), केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और सहायक लोक सूचना अधिकारी (एपीआईओ) की नियुक्ति के संबंध में।

आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार विभाग में पारदर्शिता अधिकारी या प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) या केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) या सहायक लोक सूचना अधिकारी (एपीआईओ) की नियुक्ति के संबंध में सभी पूर्व कार्यालय आदेशों के अधिक्रमण में, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2015 की धारा 4, 5(1), 5(2) और 19(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रसायन और पेट्रोरसायन विभाग में सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित अधिकारियों को पारदर्शिता अधिकारी, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी और सहायक लोक सूचना अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं।

**क. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी**

| **क्रमांक.** | **विषय** | **केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी** | **प्रथम अपीलीय प्राधिकारी** |
|---|---|---|---|
| 1. | वित्त और बजट से संबंधित सभी मामले। | श्री सतेंद्र प्रसाद, अवर सचिव | श्री शंकर चौधरी, उप सचिव |
| 2. | रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्रों के विकास पर आर्थिक नीति इनपुट; द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विनिर्माण, विश्लेषण और सलाह के साथ-साथ उद्योग से संबंधित करों और शुल्कों सहित, लेकिन जो सुरक्षा और एंटी–डंपिंग तक सीमित नही हैं, के संबंध में क्षेत्रीय नीति, विदेश व्यापार नीति के निर्माण से संबंधित सलाह् देना; मासिक डीओ और मासिक सारांश तैयार करना; वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार के कार्यालय को संदर्भित आर्थिक निहितार्थ के साथ बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मुद्दों और प्रसंस्करण नीति नोटों की जांच; रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग की ओर से योजना और जेंडर बजटिंग; नीति आयोग के साथ समन्वय; कोई अन्य मद जहां आर्थिक अधिसूचना की आवश्यकता होती है। | सुश्री हिमांशी त्रिवेदी अनुसंधान अधिकारी | श्री शंकर चौधरी, उप सचिव |
| 3. | राष्ट्रीय रसायन नीति, एफटीए और निवेश (क्षेत्रीय सहयोग), एंटी–डंपिंग, कर, शुल्क, व्यापार संबंधी मामले। परियोजना आयात/इनपुट-आउटपुट, आयात, | श्री राजेंद्र कुमार सोनी, निदेशक | श्री सुशांत कुमार पुरोहित, संयुक्त सचिव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात आदि, उद्योग संघ/शिकायतें, अरंडी का तेल आदि, रासायनिक क्लस्टर फीडस्टॉक, वैकल्पिक फीडस्टॉक आदि सलाहकार फोरम से संबंधित कार्य। सचिवों के कार्य योजना के समूह का समन्वय।<br><br>रासायनिक दुर्घटनाओं और रासायनिक सुरक्षा से संबंधित मामले, आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी मुद्दे, एनडीएमए, गृह मंत्रालय के साथ समन्वय और रासायनिक सुरक्षा दिशानिर्देशों से संबंधित मामले | | |
| 4. | रसायन पीएसयू अर्थात एचआईएल, एचओसीएल, एचएफएल से संबंधित सभी मामले | श्रीमती पामेला सुरेश कुमार, अवर सचिव | श्री केके श्रीवास्तव, निदेशक |
| 5. | भोपाल गैस आपदा से संबंधित सभी मामले, पुनर्वास मामले, कल्याण आयुक्त, सीपीडीएस और सभी प्रचार संबंधी मामले, इंडिया केम और विभागीय कार्यक्रम, अनुसंधान एवं विकास | श्री सुनील कुमार सिंह, अवर सचिव | |
| 6. | सीडब्ल्यूसी, एनएसीडब्ल्यूसी, ईसीएचए-पीआईसी अधिसूचना से संबंधित सभी मामले, पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा पर सभी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/प्रोटोकॉल, कीटनाशक, क्लोर-अल्कली, रसायन सूची और संबंधित मामले, पर्यावरण और वन मंत्रालय के साथ समन्वय। मेक इन इंडिया, सार्वजनिक खरीद, अनुसंधान एवं विकास, नवाचार, नई प्रौद्योगिकी, सर्कुलर अर्थव्यवस्था, सलाहकार फोरम आदि से संबंधित मामले।<br><br>स्कोमेट प्रस्ताव और संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित मामले, कीटनाशकों से संबंधित मामले आदि, एचएस कोड प्रस्ताव<br><br>सर्वग्राही रासायनिक विनियमन, पीसीपीआईआर नीति और कार्यान्वयन, पीएलआई योजना, रसायन पार्क, पेट्रोरसायन क्लस्टर-सागरमाला, पीएम-गति शक्ति, क्यूसीओ और विविध मामले।<br><br>पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र नीति और कार्यान्वयन, रिवर्स एसईजेड, पेट्रोरसायन क्लस्टर-सागरमाला, पीसीपीआईआर।<br>निवेश संवर्धन प्रकोष्ठ, एफडीआई से संबंधित मामले, डेटा और प्रवृत्ति विश्लेषण, डेटाबेस का रखरखाव और उद्योगों के मुद्दों पर कार्रवाई करना विभाग के डैशबोर्ड की निगरानी। | डॉ. विशाल चौधरी, उप औद्योगिक सलाहकार | |
| 7. | केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान [सिपेट] से संबंधित सभी मामले, कौशल विकास, पेट्रोरसायन नीति से संबंधित सभी मामले, | | श्री दीपक मिश्रा, संयुक्त सचिव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पेट्रोरसायन से संबंधित नई नीति तैयार करना, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से संबंधित मामले, [एमओईएफसीसी], पेट्रोरसायन से संबंधित रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग की नई पहल।<br><br>भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 का कार्यान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, क्यूसीओ के संबंध में बीआईएस और वाणिज्य विभाग के साथ समन्वय, अग्रिम प्राधिकरण, डीजीएफटी, से प्राप्त प्रतिबंधित/लाइसेंस आर्टिकल्स से संबंधित सिफारिशें, वस्त्र सलाहकार परिषद/समूह, परियोजना आयात प्रमाणपत्र से संबंधित डीजीएफटी से प्राप्त संदर्भ ।<br><br>विदेश व्यापार नीति, मुक्त व्यापार समझौते, पेट्रोरसायन से संबंधित आयात निर्यात डेटा का विश्लेषण, नए एचएस कोड का निर्माण। | श्री अविजीत रक्षित, निदेशक | |
| 8. | पेट्रोकेमिकल परिप्रेक्ष्य योजना, आपदा प्रबंधन योजना, इनपुट आउटपुट मानदंडों का निर्धारण, पेट्रोरसायन क्षेत्र से संबंधित बजट प्रस्ताव, मानकीकरण सेल से संबंधित मामले, सीपीडीएस से संबंधित मामले, लोगो सहायता, आयात वृद्धि से संबंधित मामले, डीएसटी द्वारा रेफर किए गए अनुसंधान एवं विकास मान्यता के लिए आवेदनों की निगरानी | श्री वरुण सिंह पूनिया, उप औद्योगिक सलाहकार | सुश्री शालिनी महाजन, संयुक्त निदेशक |
| 9. | पेट्रोकेमिकल्स राष्ट्रीय पुरस्कारों की नई योजना, प्लास्टिक पार्क, उत्कृष्टता केंद्र, प्लाय इंडिया से संबंधित सभी मामले। आईपीएफटी से संबंधित सभी मामले, आईपीसीएल के अवशिष्ट कार्य, पेट्रोफिल्स को-ऑपरेटिव लिमिटेड। | श्री सतेंद्र प्रसाद, अवर सचिव | |
| 9. | सतर्कता से संबंधित सभी मामले | श्रीमती पामेला सुरेश कुमार, अवर सचिव | श्री एच. काम सुंथांग, संयुक्त सचिव |
| 10. | स्थापना के सभी मामले, विभाग का सामान्य प्रशासन, आईटी खरीद, कोविड-19 संबंधित समन्वय, वेब, सोशल मीडिया और रोकड़। | श्रीमती मंजू सिंह, अवर सचिव | |
| 11. | राजभाषा से संबंधित सभी मामले | श्री रामानुज गौतम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | श्री राकेश कुमार, उप निदेशक (राजभाषा) |
| 12. | सांख्यिकी और निगरानी, नवाचार कार्य योजना, आईएसओ प्रमाणन, प्रतिस्पर्धा कानून, नागरिक चार्टर से संबंधित सभी मामले | श्री पाटिल नरेश ज्ञानेश्वर अनुसंधान अधिकारी | श्री राम सजीवन, संयुक्त निदेशक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | संसदीय प्रश्न, संसदीय आश्वासन, स्थायी समिति/परामर्श समिति से संबंधित मुद्दे, पीजी पोर्टल और एलआईएमबीएस पोर्टल पर मुकदमेबाजी के मामले, आरटीआई मामले, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना और इससे संबंधित कार्य, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग की उपलब्धि पर जानकारी, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के भाषण में शामिल कराने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर सामग्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य मंत्रालयों को परियोजनाओं/कार्यक्रमों/योजनाओं/उद्घाटन या शिलान्यास आदि की रिपोर्ट, अन्य मंत्रालयों/विभागों/कैबिनेट सचिवालय से ड्राफ्ट कैबिनेट नोट्स, कैबिनेट सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त संदर्भ, विभिन्न पोर्टलों जैसे सीआईसी पोर्टल से संबंधित विषयों पर मासिक / त्रैमासिक / वार्षिक रिपोर्ट आदि तैयार करना / भेजना / अपलोड करना, श्रम पुरस्कार, पद्म पुरस्कार, आतंकवाद विरोधी दिवस और अन्य, मीडिया प्रभाग से संबंधित गतिविधियाँ, गणतंत्र दिवस/स्वतंत्रता दिवस से संबंधित मामले, प्रगति के मुद्दे, दोनों नीति प्रभागों से जुड़े अन्य विविध समन्वय संबंधी कार्य। एसओएम का आयोजन। ई-समीक्षा, लोक शिकायतों की निगरानी | सुश्री हिमांशी त्रिवेदी अनुसंधान अधिकारी | |

**ख. पारदर्शिता अधिकारी (धारा 4)**

| | |
|---|---|
| श्रीमती दिव्या परमार, आर्थिक सलाहकार | सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा (4) के अनुसार |

**ग. केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी {धारा 5(2)}**

| | |
|---|---|
| सुश्री हिमांशी त्रिवेदी, अनुसंधान अधिकारी<br>(संसद/आरटीआई/शिकायत) | सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा (4) के अनुसार |

2. इसे सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Manju Singh

Digitally signed by Manju Singh
Date: 2023.05.16 02:31:07 +05'30'

(मंजू सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 23386013

सेवा में,

सभी संबंधित अधिकारी, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

प्रतिलिपि:-

1. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग) के पीएसओ।
2. अपर सचिव और आर्थिक सलाहकार, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के वरिष्ठ पीपीएस।
3. आरटीआई सेल, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग।
4. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर आदेश डालने के अनुरोध के साथ।